संक्षिप्त

5 वर्ष से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

कोटपूतली, (निस.)। निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने 05 वर्ष से फरार 05 हजार रूपये के ईनामी डकैती के अभियुक्त को गिरफ्तार किया हैं। थानाधिकारी रणवीर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के सम्पत्ती संबंधी अपराधों में वांछित व ईनामी अपराधियों की धरपकड़ हेतु दिये गये निर्देष पर एएसपी नाजिम अली व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी रणवीर सिंह मील के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी सहायता एवं आसूचना संकलन कर 05 हजार रूपये के ईनामी स्थाई वारन्टी जमील (38) पुत्र नूर मोहम्मद जाति मेव निवासी सहसन थाना पुन्हाना जिला नूंह हरियाणा जो न्यायालय एडीजे क्र.सं. 03 के एक प्रकरण में 05 वर्ष से फरार चल रहा था को गिरफ्तार किया हैं। उल्लेखनीय है कि विगत 15 सितम्बर 2013 को परिवादी सौरभ पुत्र रामेष्वर निवासी कानपुरा, बानसूर ने दर्ज कराया था कि अज्ञात 07 डकैतो ने परिवादी के हाथ पैर बांध कर खेत में पटक गये व महिन्द्रा ट्रेक्टर को लूट कर ले गये।

1151 पेड़ लगाने का संकल्प

चाकसू, (निसं)। ग्राम पंचायत बापू गांव में विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को पीपल, बरगद, नीम, आदि के पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ग्राम पंचायत प्रशासक पूरा देवी की अध्यक्षता में वंदे गंगाजल संरक्षण जन अभियान एवं हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत परिसर में पौधे लगवाकर मिशन की शुरुआत की गई। तथा लगाए गए पेड़ों के संरक्षण की जिम्मेदारी ली। कनिष्ठ सहायक रामनरेश शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में 1151 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पूरी तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान ग्यारसी लाल रैगर, कनिष्ठ सहायक रामनरेश शर्मा, भवानी सिंह, भंवरलाल, संपत शर्मा, घनश्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

भरतपुर, (निस)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोहागढ किले में साफ-सफाई एवं बिहारी जी परिक्रमा मार्ग व उद्यान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक व नागरिक संगठनों ने शुक्रवार को पौधे रोपकर हरियालो राजस्थान का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान चलाकर जलस्त्रोतों की सफाई एवं आमजन को पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि आमजन वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाकर मिशन हरियालो राजस्थान में भागीदार बनेगें तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस पहल होगी।

पौधारोपण किया

भरतपुर, (निस.)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में चल रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में सघन पौधारोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र नायक तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भानु प्रताप राजावत एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गोयल रहे। मुख्य अतिथि राजेन्द्र नायक ने कहा कि लोगों को पौधों की केवल सुरक्षा ही नहीं, बल्कि उनके बड़े होने तक नियमित खाद-पानी और देखभाल करने की जिम्मेदारी रखनी चाहिए इस अवसर पर नीम, पीपल, बरगद, आम और जामुन जैसे औषधीय और पर्यावरण के अनुकूल पौधे लगाए गए ताकि स्थानीय जैव विविधता को बढ़ावा मिल सके।

भू-खंडों के आवंटन को लेकर बैठक 12 को

निवाई। कृषि उपज मंडी में रिक्त गोदाम भू-खंडों के आवंटन के लिए 12 जून को मंडी कार्यालय में बैठक आयोजित होगी। मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी ने बताया कि 12 जनू को सुबह 11 बजे मंडी प्रशासक की अध्यक्षता में आवंटन समिति की बैठक आयोजित होगी। बैठक में मंडी परिसर में स्थित रिक्त गोदाम भू-खंडों के आवंटन किया जाएगा। जिसमें सभी आवेदक भाग लेंगे।

टोंक में विश्व पर्यावरण दिवस पर जलदाय मंत्री ने प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया

- जलदाय मंत्री ने मालपुरा क्षेत्र में बम्ब तालाब के जीर्णोद्धार, नगर वन को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने, मालपुरा में घर-घर कचरा संग्रहण, जिला अस्पताल एवं पशु चिकित्सालय के विकास को गति देने की बात कही

टोंक। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मालपुरा के घाटी रोड स्थित नगर वन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि हम सभी को विकास के साथ प्रकृति के संरक्षण के लिए लगातार कार्य करना होगा।

इस मौके पर मंत्री चौधरी ने आमजन से जैविक खेती अपनाने तथा पर्यावरण एवं जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आहान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण केवल सरकारी प्रयासों से नही बल्कि आमजन के सक्रिय सहयोग से बनेगा। प्रदेश को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। जलदाय मंत्री ने मालपुरा क्षेत्र में बम्ब तालाब के जीर्णोद्धार, नगर वन को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने, मालपुरा में घर-घर कचरा संग्रहण, जिला अस्पताल एवं पशु चिकित्सालय के विकास को गति देने की बात कही।

मालपुरा के घाटी रोड स्थित नगर वन में स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने पक्षियों के लिए परिंडे बांधे।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद कुमार मीना ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक मानव जीवन पर दुष्प्रभाव डाल रहा है। साथ ही प्रकृति को भी नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने की अपील की। केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर के निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर ने रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग के प्रति लोगों को सचेत किया। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इससे न केवल भूमि की सेहत सुधरेगी, बल्कि फसलों की उत्पादन लागत में भी कमी आएगी और किसानों का मुनाफा भी बढ़ेगा। इस अवसर पर उप वन संरक्षक वीरेन्द्र कृष्णियां, उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा, सहायक वन संरक्षक अनुराग महर्षि समेत जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

रोडवेज बस सेवा बंद होने से ग्रामीणों में रोष

पावटा। क्षेत्र के कई गांवों को कोटपुतली से जोड़ने वाली राजस्थान रोडवेज की बस सेवा बंद होने के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों के अनुसार यह बस दो प्रमुख मार्गों पर संचालित होती थी। पहला मार्ग दांतिल, सुदरपुरा, ढाढ़ा फार्म, बेरी, शुक्लावास, नाहरेड़ा होते हुए कोटपुतली तक जाता था, जबकि दूसरा मार्ग दांतिल, द्वारिकापुरा, रामपुरा, टोरडा, टसकोला और पावटा से होकर संचालित होता था। ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना पढ़ाई के लिए जाने वाले विद्यार्थियों, रोजगार और मजदूरी के लिए यात्रा करने वाले श्रमिकों तथा विभिन्न सरकारी और निजी कार्यों से आने-जाने वाले लोगों को अब भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों को निजी वाहनों या महंगे वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि हो रही है।

कोटपूतली में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण एवं पौधे वितरित किये

- प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने की समापन समारोह में शिरकत, उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को मिला ''जल गौरव सम्मान''

कोटपूतली, (निस.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का जिला स्तरीय समापन समारोह शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग तथा जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए अभियान के दौरान जिले भर में किए गए जल संरक्षण कार्यों की सराहना की।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने कहा कि जल संरक्षण केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जल चुनौतियों के बीच वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का संरक्षण तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने आमजन से जल बचाने और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने का संकल्प लेने का अव्हान किया। अभियान के दौरान जोहड़ों, तालाबों, नहरों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, श्रमदान, पौधरोपण, जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण समारोह, रात्रि चौपालों तथा विद्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में विशेष गतिविधियों का आयोजन कर जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता उत्पन्न की गई।

प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने अधिकारीयों को स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह, एसीईओ जिला परिषद जगदीश प्रसाद बैरवा, एसडीएम योगेश सिंह देवल, नगर परिषद आयुक्त अरुण शर्मा, एक्सईएन वॉटरशेड हरिमोहन बैरवा, क्षेत्रीय अधिकारी पोल्युशन कंट्रोल बोर्ड राजकुमार सेहरा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

'पर्यावरण संरक्षण सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की आवश्यकता'

टोंक, (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, टोंक द्वारा प्रकृति परिवर्तन अभियान के अंतर्गत नेहरू पार्क में सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर कोतवाल बी.एल. वैष्णव तथा विशिष्ट अतिथियों नगर परिषद के एईएन भंवर लाल, राजस्व अधिकारी बहन निरमा एवं कनिष्ठ अभियंता बहन शिवानी ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजयोगी बीके प्रहलाद भाई एवं ओमप्रकाश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की आवश्यकता बन गया है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जल संकट और प्राकृतिक संसाधनों के निरंतर दोहन के कारण प्रकृति का संतुलन प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देता, बल्कि पर्यावरण को शुद्ध करने, जैव विविधता को संरक्षित रखने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मुख्य अतिथि शहर कोतवाल बी.एल. वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान समाज में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के जागरण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी निरंतर जन-जागरूकता का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और मानव का संबंध एक-दूसरे का पूरक है तथा प्रकृति की सुरक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।

विशिष्ट अतिथि एईएन भंवर लाल, राजस्व अधिकारी बहन निरमा एवं कनिष्ठ अभियंता बहन शिवानी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक एवं पर्यावरणीय अभियानों की सराहना की। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक रहने का आह्वान किया।

टोंक में ब्रह्माकुमारीज़ का पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

पावटा में पप्पू ब्लाइंड मर्डर का आरोपी सोहिल खान गिरफ्तार

- पप्पू असवाल की हत्या कूलर खरीदने के विवाद में हुई थी

पावटा। मनोहरपुर थाना पुलिस ने बहुचर्चित रामावतार असवाल उर्फ पप्पू हत्याकांड का महज तीन दिन में खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में सोहिल खान नामक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने पूछताछ में हत्या करना स्वीकार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद (आईपीएस) ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा रणवीर सिंह एवं वृत्ताधिकारी शाहपुरा रामवतार सिंह ताखर के निर्देशन में मनोहरपुर, शाहपुरा, अमरसर थाना पुलिस तथा डीएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई में इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाई गई। गौरतलब है कि 2 जून को गुलाब असवाल ने अपने भाई रामावतार असवाल उर्फ पप्पू की हत्या का मामला दर्ज कराया था।

रामावतार श्याम मार्केट स्थित अपनी कबाड़ की दुकान पर थे। देर शाम परिजनों द्वारा संपर्क नहीं होने पर भतीजे को दुकान पर भेजा गया, जहां रामावतार मृत अवस्था में पड़े मिले। अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से गर्दन और सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया जानकारी के आधार पर करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। लगातार जांच और कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल रही। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सोहिल खान 1 जून की शाम कबूतरों के लिए पुराना कूलर खरीदने रामावतार की दुकान पर आया था। इसी दौरान दोनों के बीच खरीद-फरोख्त को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पहले लोहे की एंगल से रामावतार के सिर पर वार किया, जिससे वह नीचे गिर गए। इसके बाद आरोपी ने चाकू से गर्दन और हाथ पर कई वार कर उनकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी सोहिल पुत्र कुतुबुद्दीन लुहार (20 वर्ष), निवासी लुहार मंडी, मनोहरपुर को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। इस कार्रवाई में मनोहरपुर थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल दारा सिंह, सुरज्ञान सिंह, नीरज कुमार एवं आशीष कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस के अनुसार ब्लाइंड मर्डर के खुलासे में कांस्टेबल दारा सिंह की विशेष भूमिका रही, जिनकी मेहनत और तकनीकी जांच से आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली।

'पौधे ऑक्सीजन की फैक्ट्री हैं' लगाना ही नहीं, पालना भी जरूरी'

- जेल में लगे पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेगा प्राधिकरण, जिले में और जगह चिन्हित कर होंगे बड़े पौधारोपण कार्यक्रम

किशनगढ़ बास, (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस पर किशनगढ़ बास उपकारागार की ऊंची दीवारों के भीतर उम्मीद के नए पौधे रोपे गए। खैरथल-तिजारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास की अगुवाई में जेल परिसर हरियाली की कसम खाता नजर आया। न्याय के मंदिर से जुड़े लोगों ने पेड़ लगाकर यह संदेश दिया कि पर्यावरण बचाना सिर्फ सरकार की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर किशनगढ़ बास उपकारागार परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला जज शैलेंद्र व्यास मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों ने छायादार और फलदार पौधे लगाए।

कार्यक्रम में तालुका विधिक सेवा समिति किशनगढबास के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 02 जगदीश प्रसाद मीणा, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 01 दीपेंद्र माथुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल के सचिव अजीत कुडी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खुशबू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉक्टर रिमझिम, ने पौधरोपण कर आमजन को प्रकृति से जुडने का संदेश दिया।

इस मौके पर न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि वर्षा ऋतु का मौसम पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त है। इस समय लगाए गए पौधों के बचने की संभावना ज्यादा होती है। इसलिए हर व्यक्ति को इस मौसम का फायदा उठाकर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

मीडिया से बात करते हुए जिला न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास ने कहा, पौधे हमारे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। ये हमें सिर्फ स्वच्छ हवा और ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि तापमान को भी नियंत्रित रखते हैं। लेकिन सिर्फ पौधे लगा देना काफी नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह पौधों की बच्चों की तरह देखभाल करे।

जिला जज ने भरोसा दिलाया कि जेल परिसर में लगाए गए पौधे सुरक्षित रहें और उनका ठीक से पालन-पोषण हो, इसकी पूरी व्यवस्था जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समय-समय पर करेगा। इसके लिए जेल प्रशासन के साथ मिलकर मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जाएगा।

किशनगढ़ बास उपकारागार में जिला जज शैलेंद्र व्यास सहित न्यायिक अधिकारी एवं अधिवक्ता व जेल प्रभारी ने पौधारोपण किया।

गंगापुर रोड पर दो बसों की भीषण भिड़ंत, 6 घायल

लालसोट। सड़क पर आवारा गोवंश की मौजूदगी एक बार फिर गंभीर हादसे का कारण बन गई। गंगापुर रोड स्थित नगरियावास गांव के पास गुरुवार देर रात दो यात्री बसों में भीषण टक्कर हो गई, जिसमें चालक-परिचालक सहित 6 लोग घायल हो गए। चार घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जयपुर रेफर करना पड़ा।

लालसोट थाने के एएसआई रमेश चंद के अनुसार रात करीब 1 बजे जयपुर से मध्य प्रदेश के ग्वालियर जा रही दो बसें नगरियावास स्थित पीर बाबा के पास से गुजर रही थीं। तभी आगे चल रही बस के सामने अचानक गोवंश आ गया। गोवंश को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस नियंत्रण नहीं रख सकी और आगे वाली बस में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे वाली बस के चालक, परिचालक और चार यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही लालसोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से घायलों को लालसोट जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

सार-समाचार

चौमूं विधायक डॉ. शिखा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

चौमूं / कालाडेरा , (निस.)। चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने शुक्रवार को जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात कर चौमूं विधानसभा क्षेत्र की जनता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों एवं जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया तथा उनके शीघ्र समाधान का आग्रह किया।विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में चौमूं विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्याप्त पेयजल संकट की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू, नियमित एवं प्रभावी बनाने की मांग की, ताकि आमजन को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने वर्ष 2018 में बांसा टोल आंदोलन के दौरान स्थानीय निवासियों पर दर्ज किए गए मुकदमों को जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए वापस लेने का आग्रह भी किया, जिससे प्रभावित लोगों को राहत मिल सके। बरसात के मौसम को देखते हुए विधायक ने क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करवाने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायक द्वारा उठाए गए विषयों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने कहा कि चौमूं विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान, क्षेत्र का सर्वांगीण विकास तथा जनहित से जुड़े मुद्दों का निराकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास उन्हें दिया है, उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए वे निरंतर संघर्ष और प्रयास करती रहेंगी तथा क्षेत्र के विकास के लिए हर स्तर पर अपनी आवाज बुलंद करती रहेंगी।

न्यायिक अधिकारियों ने पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया

सांभरझील, (निसं)। पर्यावरण दिवस के मौके पर शुक्रवार को न्यायालय परिसर सांभर में पर्यावरण का संदेश देते हुए न्यायिक अधिकारियों जिनके साथ अच्छी खासी वकीलों की संख्या मौजूद थी ने पौधारोपण कर इनके वृक्ष बनने तक उचित सार संभल करने को कहा। न्यायिक अधिकारी अरविंद कुमार जांगिड़ व डॉ नीलम जैन ने सभी वकीलों, मुंशीयों, मौजूद स्टाफ को निर्देश प्रदान किये कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सभी एक-एक पौधा लगाने का संकल्प ले और इस संकल्प को पूरा कर जनहित में अपनी भागीदारी निभाएं। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शमीम उल हक, रूपनारायण कुमावत, पूर्व सचिव भागचंद सांभरिया, तेजपाल प्रजापत, नितेश जांगिड़, रमेश सरस्वा, मुकेश अजमेरा, मुंशी मंडल के सदस्यगण भगवती प्रसाद, देवेंद्र सोनी, न्यायालय स्टाफ, पैरा लीगल वोलेंटियर शंकर लाल छंदवाल उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने लगायें पौधे

चौमूं / कालाडेरा , (निस.)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कस्बे में स्थित धूलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों ने आम, बेल, सीताफल, वटवृक्ष, पीपल आदि फलदार एवं छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के संकल्प के साथ वृक्षों की नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

जयपुर, (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्नातकोत्तर पशुचिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान जयपुर में जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के अधिष्ठाता प्रो.धर्म सिंह मीना की अगुवाई में संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों ने संस्थान परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता महोदय ने सभी से आग्रह किया कि विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर आइए, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें,अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें व इन वृक्षों की देखभाल करें तथा नियमित रूप से इनमें पानी की व्यवस्था करें। उन्होंने बताया कि पर्यावरण असंतुलन का प्रमुख कारण वनों की निरंतर कटाई है व दैनिक जीवन में मनुष्य द्वारा भोग विलासिता के लिये उजा आदि का दुरउपयोग है, जिसे व्यापक स्तर पर पौधारोपण एवं पौधों के संरक्षण के माध्यम से ही नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे छोटे-छोटे प्रयासों से ही पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान होगा तथाप्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें तथा हरित जीवनशैली को अपनाकर धरती माँ के संरक्षण में अपना योगदान दें तभी हम उज्ज्वल भविष्य की कामना कर सकेंगे।

निवाई अस्पताल में एलर्जी रोग विशेषज्ञ नहीं होने से मरीज परेशान

निवाई। स्थानीय उप जिला अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर एक बड़ी कमी सामने आ रही है, जिसके कारण क्षेत्र के मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में वर्तमान समय में कोई भी एलर्जी रोग विशेषज्ञ नहीं है। जिससे क्षेत्र में एलर्जी की बीमारियों से पीड़ित मरीजों को उचित और समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। एलर्जी की समस्या से लंबे समय से परेशान चल रहे गिर्राज चौधरी, कैलाश बोहरा, राजेन्द्र शर्मा, सुदामा भांवता, कमल शर्मा, विकास बोकण, बाबूलाल मीणा व मुकेश मीणा ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि निवाई के इस मुख्य अस्पताल में एलर्जी रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त होने या उपलब्धता न होने से मरीजों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। मरीजों की इस परेशानी को देखते हुए नागरिकों ने विधायक रामसहाय वर्मा से मुलाकात करके अस्पताल की इस समस्या से अवगत कराया।

ढ़ाई साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

कोटपूतली। स्थानीय थाना पुलिस ने कस्बे से एटीएम उखाड़ कर ले जाने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग के ढ़ाई साल से फरार शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह द्वारा लम्बे समय से फरार चले रहे वांछित अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। । 10 दिसम्बर 2023 की रात्रि को पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम उखाड़कर ले जाने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग के पिछले करीब ढ़ाई साल से फरार चल रहे आरोपी जाबिर (24) पुत्र खालिद जाति मुसलमान निवासी शाहपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है।